**DAY-NULM**
Deendayal Antyodaya Yojana-National Urban Livelihoods Mission

**महिलाओं का सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण।**

## सरकार लगातार ऐसा माहौल बना रही हैं, जिससे महिलाएं अपने क्षेत्र को समृद्धि और संपन्नता से जोड़ रहीं हैं।

# मानगो की सुधा महिला समिति को दूसरे साल भी मिला क्रेडिट लिंकेज का लाभ

- **महिला समिति की सदस्य स्वरोजगार से जुड़कर व्यवसाय को दे रही रफ्तार**

**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**

आम लोगों की जिंदगी बेहतर बनाने में स्वयं सहायता समूह मददगार साबित हो रहे हैं. कोरोना काल में मानगो नगर निगम से जुड़ कालिका नगर की महिलाओं ने सुधा महिला समिति का गठन किया. कोरोना संक्रमण काल में क्रेडिट लिंकेज से पहली बार समिति को एक लाख रुपये मिले. महिला समिति ने पेपर बैग, पेपर का ठोंगा आदि बनाकर उसे शहर की दुकानों में बेचा. स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने सिलाई-कढ़ाई का कार्य भी किया. उससे होने वाली आमदनी को बैंक ऋण चुकाकर लाभ की राशि आपस में बांट ली. मानगो नगर निगम की सुधा महिला समिति को दूसरे साल दो लाख रुपये क्रेडिट लिंकेज का लाभ मिला है. बैंक ऑफ इंडिया ओल्ड पुरुलिया रोड शाखा से मिले सहयोग से महिला समिति की सदस्य स्वरोजगार से जुड़कर व्यवसाय को रफ्तार दे रही हैं.



### तीसरे वर्ष मिलेगा तीन लाख का लाभ : दीपक सहाय

मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने बताया कि योजना के तहत पहले साल एक लाख, दूसरे साल सेकेंड ग्रेड में दो लाख एवं तीसरे साल तीन लाख का लाभ स्वयं सहायता समूह को बैंक से दिया जा सकता है. क्रेडिट लिंकेज का लाभ लेकर समूह की महिलाएं स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर हो रही हैं. स्वयं सहायता समूह को लिंकेज का लाभ दिलाने में सामुदायिक संगठनकर्ता उर्मिला देवी का योगदान रहा है.

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA